सार-समाचार

छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करने के आदेश

मदनगंज-किशनगढ़ (निस)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया है। पीडिता अंजली नायक ने एडवोकेट आस्था बैरवा व रणजीत चौधरी के जरिये अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर आक्षेप लगाया की 20 जनवरी को में अपने भाई अजय व मां इन्द्रा के साथ सांय करीब 7 बजे अपनी गाड़ी से बालाजी हॉस्पिटल जा रहे थे, इस बिच रामनेर चौराहा पर हमारे पीछे से आ रही कार में सवार तीन युवकों ने हमारी कार के सामने अपनी कार लगा दी। युवकों ने भाई की कॉलर पकड गाडी से बाहर निकाल दिया, में और मां निचे उतरे तो मारपीट शुरू कर। साथ ही अपने आपको विशाल चौधरी बता रहे सहित तीनो युवक मेरे साथ व मां के साथ छेडछाड एवं अभद्रता पर उतारू हो गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने एडवोकेट आस्था बैरवा व रणजीत चौधरी के तर्क से सहमत होते हुए गांधीनगर थाना पुलिस को जांच कर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

मदनगंज व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित

मदनगंज-किशनगढ़ । मदनगंज व्यापार मंडल की बैठक में सर्वसम्मती से निर्विरोध कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर धर्मचंद जैन को पदीय दायित्व सौपा गया। उपाध्यक्ष पद पर घनश्याम साहू, मंत्री पद पर सी ए नन्दकिशोर राठी, सहसचिव सचिन जैन, कोषाध्यक्ष के पद पर ओमप्रकाश कचोलिया को जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त मंत्री नन्दकिशोर राठी ने पदभार ठाहण कर प्राथमिकताओं को सांझा करते हुए कहा कि मुख्य लक्ष्य मंडी का सर्वांगीण विकास करना है, इसके लिए वह शासन और प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विशेष फंड लाने का प्रयास करेंगे, ताकि मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा सके। अध्यक्ष धर्मचंद जैन ने सभी व्यापारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष विमल बडजात्या, सर्वेश्वर अठावाल, नटवर बंसल, आयुष जामड, महेंद्र सिंघवी, अमन अठावाल, रविकांत शर्मा, मनोज मेहता सहित सदस्य उपस्थित रहे।

विधान महोत्सव का आयोजन 24 को

अजमेर, (कासं)। फाल्गुन माह की महान अष्टान्हिका पर्व के मंगल अवसर पर 24 फरवरी से श्री योगसार महामण्डल विधान का आयोजन किया जा रहा है। वीतराग विज्ञान स्वाध्याय मंदिरट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश लुहाड़िया दिल्ली ने बताया कि इस मंगलमय अवसर पर ख्यातिप्राप्त अध्यात्म प्रवक्ता विद्वान डॉ. पं. विवेक शास्त्री (छिंदवाड़ा) एवं सर्व प्रिय परिचित युवा विधानाचार्य अपूर्व शास्त्री, खनियाधाना (मध्य प्रदेश) के निर्देशन व सानिध्य में सभी पूजा एवं विधानादि के कार्य सम्पन्न होंगे इस आध्यात्मिक ग्रंथ का सुन्दर वाचन,व अर्घ समपिर्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

आवेदन भरने का अंतिम अवसर

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत संस्कृत विषय की 4 फरवरी 2026 को घोषित विचारित सूची में शामिल जिन 8 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समयावधि में अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरा था, उन्हें अब एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना एवं अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। संबंधित अभ्यर्थी 23 से 24 फरवरी 2026 को रात्रि 11:59 बजे तक अपना विस्तृत आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके बाद इस के लिए अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। शेष शर्तें 5 फरवरी को जारी प्रेस नोट के अनुसार यथावत रहेंगी।

22 अभ्यर्थी मुख्य सूची में सफल घोषित

अजमेर । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक खनि अभियंता (खान एवं भूविज्ञान विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत मुख्य सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षांतर्गत 31 जुलाई 2025 को जारी विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग द्वारा किया गया। पात्रता जांच उपरांत विज्ञापित पदों के विरुद्ध 22 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

रंगाई-पुताई के दौरान मजदूर गिरा

अजमेर। ब्यावर रोड स्थित डीएवी कॉलेज में शुक्रवार को रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, दो मंजिला बिल्डिंग में काम करते समय सीढ़ी संभालते हुए संतुलन बिगड़ने से एक मजदूर नीचे गिर गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि मौके पर मौजूद अन्य मजदूर और कर्मचारी घबरा गए। इस दुर्घटना में ठेकेदार गोपाल और मजदूर डालचंद दोनों घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सीढ़ी नीचे उतारते समय यह हादसा हुआ। दोनों को गंभीर चोटें आईं, जिसमें डालचंद की हालत अधिक चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद कॉलेज के कर्मचारी डॉ. संत कुमार ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, घायल मजदूर डालचंद की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसे निगरानी में रखा गया है। वहीं ठेकेदार गोपाल की हालत स्थिर बताई जा रही है।

वद्धर्मान महाविद्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सेमिनार का आयोजन

ब्यावर (निसं) श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसका उद्देश्य योजना के तहत मिलने वाले लाभों, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया और व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी देना था ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढा ने बताया कि यह योजना प्रगति की शक्ति के साथ, विरासत का सम्मान कर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को पहचान देने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है।हिन्दी साहित्य व्याख्याता मोनिका सोनी ने छात्राओं को बताया कि इस योजना के अंतर्गत 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को शामिल किया गया है साथ ही तीन लाख तक का बिना जमानत ऋण, 5 से 7 दिनों का बुनियादी कौशल प्रशिक्षण एवं 15,000 रू तक टूलकिट प्रोत्साहन राशि का सहयोग भी दिया जाता है । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दीपा मिस्त्री ने किया । कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही ।

राज्यस्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर में रोवर रेंजर भाग लेंगे

ब्यावर (निसं) राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रेकिंग शिविर 24 से 28 फरवरी के मध्य जैसलमेर में आयोजित होगा। स्थानीय संघ सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि इस पांच दिवसीय साहसिक शिविर में ब्यावर जिले के पांच रोवर रेंजर चयनिय हुए हैं। इसमें सनातन धर्म महाविद्यालय के रोवर राजवीर सिंह, करण सिंह भाटी,चौहान रौनक, रेंजर शकुंतला सिंह गहलोत, कश्मीर भाग लेंगे। शिविर अवधि में प्रतिभागियों को सम के धोरे, तनोट माता मंदिर, सहित जैसलमेर के एतिहासिक दर्शनीय स्थलों का अवलोकन एवं हाइक करने का अवसर मिलेगा। इस प्रशिक्षण में साहस, अनुशासन एवं प्राकृतिक सौंदर्य से जुड़ने का अनूठा अवसर मिलेगा। रोवर रेंजर के चयन पर सहायक राज्य कमिश्नर विमल चौहान, जिला कमिश्नर कविता मौर्य, एल टी विनोद मेहरा, प्राचार्य रेखा मंडोवरा, मंदरूप देवड़ा, प्रभारी जिला कमिश्नर स्काउट रोहित जैन, प्रभारी जिला कमिश्नर गाइड विमला चौहान, ए एल टी बाबुद्दीन काठात, विष्णु गोयल, चंपालाल, मनोहर सोलंकी, सह सचिव पूनम चौधरी, आशा बुनकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

अवैध डोडापोस्त के साथ दो गिरफ्तार, केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर की बनाड़ और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त के साथ दो युवकों को पकड़ा है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाए गए है। बनाड़ पुलिस थाने के एसआई राजूराम ने सारण नगर क्षेत्र में गश्त के समय एक युवक की तलाशी ली तब उसके पास में 475 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर आरोपी रामड़ावास कलां कापरड़ा हाल प्रेम नगर माता का थान निवासी भींयाराम पुत्र सुखाराम को गिरफ्तार किया।

मोतीपुरा में गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश, अंडरब्रिज की समस्या बनी बड़ी चिंता

■ अंडरब्रिज में वर्षभर पानी भरा रहता है तथा सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में परेशानी होती है।

नसीराबाद,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर और तालुका विधिक सेवा समिति नसीराबाद के निर्देशानुसार फ्रंटियर फ्राइडे के अंतर्गत ग्राम मोतीपुरा (ग्राम पंचायत झड़वासा) में विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 140 ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 का प्रचार-प्रसार किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि इस नंबर पर संपर्क कर वे नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं तथा अपने अधिकारों से संबंधित समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने मोतीपुरा गांव स्थित रेलवे अंडरब्रिज की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अंडरब्रिज में वर्षभर पानी भरा रहता है तथा सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में परेशानी होती है। पानी भराव के कारण कई बार लोग गिर चुके हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो जान-माल की हानि हो सकती है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से अंडरब्रिज से पानी की निकासी और सड़क की मरम्मत कर स्थायी समाधान करने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक न्याय और विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई तथा लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आ ान किया गया।

युवा अधिवक्ताओं के स्टाईपेंड संबंधित याचिका पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

■ संबंधित पक्षों को नोटिस जारी, जवाब तलब किया

जोधपुर,(कासं)। युवा अधिवक्ताओं की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय में दायर की गई। उक्त याचिका पर आज सुनवाई हुई जिसमें न्यायालय द्वारा संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया।

याचिका में यह उल्लेख किया गया कि बार कौंन्सिल ऑफ इण्डिया द्वारा 15 अक्टूबर.2024 को एक व्यापक परिपत्र जारी कर देशभर की राज्य बार कौंन्सिलों एवं बार एसोसिएशनों को युवा अधिवक्ताओं को न्यूनतम मासिक स्टाईपेंड प्रदान करने की अनुशंसा की गई थी।

इसकी अनुपालना में बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान ने उक्त परिपत्र राज्य की समस्त बार एसोसिएशनों को अग्रेषित किया गया था। साथ ही इस से पूर्व बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान द्वारा युवा अधिवक्ताओं के लिए स्टाईपेंड विधेयक का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया था, जो वर्तमान में राज्य सरकार के पास लंबित है। अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित को अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया गया था।

तत्पश्चात् लोकसभा में भी कनिष्ठ अधिवक्ताओं की आर्थिक कठिनाइयों का मुद्दा उठाया गया, जहां विधि एवं न्याय मंत्री द्वारा समस्या को स्वीकार करते हुए बार कौंन्सिल ऑफ इण्डिया की अनुशंसाओं का उल्लेख किया गया। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार एवं बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान द्वारा उक्त विषय पर अब तक कोई ठोस एवं प्रभावी निर्णय नहीं लिया गया है।

याचिका में न्यायालय से प्रार्थना की गई है कि राज्य सरकार एवं बार कौंन्सिल ऑफ राजस्थान को निर्देशित किया जाए कि युवा अधिवक्ताओं हेतु न्यूनतम मासिक स्टाईपेंड योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि न्याय व्यवस्था की आधारशीला माने जाने वाले युवा अधिवक्ता आर्थिक सुरक्षा एवं आत्मविश्वास के साथ अपना पेशा जारी रख सके। जन हित याचिका में अधिवक्ता मनीष टाक द्वारा स्वयं पैरवी की गई।

मसूदा क्षेत्र में एक बार फिर चोरों के हौसले हुए बुलंद

■ रैबारी की ढाणी में दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले उड़े

मसूदा, (निसं)। मसूदा नगर पालिका क्षेत्र की रेबारियो की ढाणी में सुना मकान देख लाखों के सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ किया। मुकेश पुत्र शैतान ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि मेरा मकान रेबारियों की ढाणी में स्थित हैं एवं मेरी माताजी फूमा शुक्रवार को प्रात: समय करीब 11 बजे से 12 बजे के मध्य रोजाना की भांति बकरियों को चराने के लिए चली गयी और मेरी पत्नी भी नरेगा में कार्य करने के लिए गयी हुई थी जो रोजाना 2 बजे घर पर आ जाती हैं और रोज का यही सिलसिला चलता है तो मेरी माताजी इस भरोसे चली गयी कि उसकी पुत्रवधु 2 बजे तक आ जायेगी और वैसा ही हुआ मेरी पत्नी 2 बजे घर पर आयी तो देखा कि गेट खुला हुआ था तथा अन्दर कमरें की तरफ गयी तो तीनों कमरें के सामान बिखरे हुए थे जिसमें से अज्ञात चोरो के द्वारा उक्त चोरी की वारदात को अन्जाम देकर कमरें में रखे हुए अलमारी में से सोने-चान्दी के कीमती आभूषण जिसमें तीन तोला गले का सोने का हार, ढाई तोला कान के टोपीस पुरा सेटअप, डेड तोला कण्टी सोने की, 500 ग्राम चान्दी के पायजेब की जोडी, 2 तोला हाथ के कुनद सोने के, 2 कान के लूंग सोने के व 1,00,000/- अक्षरें एक लाख रूपयें नकद कैश लेकर के चले गये घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था तथा चोरों को पहले से पूरी छानबिन थी कि घर पर कब कौन नहीं रहता हैं इसलिए दोपहर के 1 से 2 बजे के मध्य की गयी है तथा चोर जाते-जाते घर में रखे जुते-चप्पलों में से 2 जोडी पहनकर

श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना का महाकुंभ

■ आने वाले दिनों में शहर का हर मार्ग, हर चौक और हर हृदय भक्ति की धड़कनों से स्पंदित होगा

नसीराबाद,(निसं)। नसीराबाद की धरा एक बार फिर अध्यात्म के इतिहास में स्वर्णिम पंक्तियां जोड़ने जा रही है। 21 फरवरी से आरंभ हो रहा यह भव्य आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का विराट उत्सव है। आने वाले दिनों में शहर का हर मार्ग, हर चौक और हर हृदय भक्ति की धड़कनों से स्पंदित होगा।

21 फरवरी (शनिवार) से श्रीराम कथा का मंगलारंभ होगा, जो 1 मार्च तक नौ दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के रूप में निरंतर प्रवाहित रहेगी। कथा में राम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म की गूंज वातावरण को पावन बनाएगी। श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ आत्मिक शांति और प्रेरणा का अनुभव करेंगे।

22 फरवरी को श्याम बाबा का भव्य नगर भ्रमण निकलेगा। सजे हुए रथ, ध्वजों की पंक्तियां, पुष्प वर्षा और 'श्याम तेरी बंसी पुकारे' जैसे जयकारों से पूरा शहर श्रद्धा में डूब जाएगा। ऐसा प्रतीत होगा मानो नसीराबाद की गलियां किसी दिव्य धाम में परिवर्तित हो गई हों।

23 फरवरी को गांधी चौक भक्ति संगीत का विराट मंच बनेगा। सुप्रसिद्ध भजन गायक जब अपने सुरों से श्याम नाम का गुणगान करेंगे, तब श्रद्धा और संगीत का ऐसा संगम होगा जो आत्मा तक को आलोकित कर देगा।

पांचवीं व आठवीं बोर्ड की परीक्षा हुई शुरू

पाली। जिला प्राइमरी स्तरीय आठवीं व पांचवीं बोर्ड की परीक्षा आज से शुरू हुई, यह परीक्षा दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित हुई, शहर में विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए, श्रीमती चीमाबाई संचेती पैकेज कॉलोनी सीनियर सेकंडरी विद्यालय में पांचवीं बोर्ड के नन्हे मुन्ने बच्चे 1:00 बजे सेंटर पर पहुंचे।

NAME CHANGE

I,RAJPUT MEERA BEN is real MOther of No-15800029W NK(DS) RAJPUT BHAGATSINH BABUSINH, 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.have changed my name from RAJPUT MEERA BEN to MEERA DEVI and D.O.B- 01 JAN 1957 to 010 JAN 1963 in my son's army service records.aff-CA 331576.date-27 DEC 2025.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,SARLA DEVI is real Mother of No-15796209Y, HAV(OFC) MANJEET of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Malappuram, Jhajjar Haryana,124109,have changed my name from SARLA DEVI to SHILA in my son's army service records.aff-CF 345424.date-19 Feb 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,ZEENATH M is real Mother of No-23001541L L/NK(OFC) SALAMANUL FARIS KOYAPPAKOLOTH of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Malappuram,Kerala 676304,have changed my name from ZEENATH M to ZEENATH in my son's army service records.aff-CF 345422.date-19 Feb 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

NAME CHANGE

I,SHASHI DEVI is real Mother of No-15802784Y, RHM(TICC) AKHILESH KUMAR of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Meerut (UP) 250002,have changed my name from SHASHI DEVI to SHASI DEVI,in my son's army service records.aff-CF 345421.date-19 Feb 2026.Before Notary AD Mohammad Javed Nasirabad

श्री खाटूश्याम के लिए 16वीं विशाल पदयात्रा रवाना

अजमेर। फाल्गुन लक्की मेले के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम नवयुवक मंडल की ओर से आयोजित 16वीं विशाल पदयात्रा शुक्रवार सुबह सवा सात बजे सुंदर विहार, परबतपुरा से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में रवाना हुई। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बाबा श्याम की आरती कर मंगल कामनाएं की गईं। जैसे ही पदयात्रा ने गति पकड़ी, डीजे की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते नजर आए। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का गुलाब के फूलों से स्वागत किया गया। जगह-जगह सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनकी हौसला अफजाई की। पूरे मार्ग में हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा । यह पदयात्रा माखुपुरा से प्रारंभ होकर आदर्श नगर, स्टेशन रोड और गांधी भवन होते हुए बस स्टैंड से घूघरा घाटी मार्ग से खाटू श्याम के लिए प्रस्थान कर गई। यात्रा का पहला पड़ाव किशनगढ़ में रखा गया है, जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। मंडल के पदाधिकारियों के अनुसार पदयात्रा 24 फरवरी को राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां बाबा श्याम के दर्शन कर भक्तजन ॅपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना करेंगे। दर्शन के पश्चात श्रद्धालु जीण माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन भी करेंगे। इसके बाद सभी यात्री पुन: अजमेर लौटेंगे। श्री खाटू श्याम नवयुवक मंडल की ओर से पदयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल सुविधा, चाय-नाश्ता, भोजन और विश्राम की समुचित एवं निशुल्क व्यवस्था की गई है। यात्रा के दौरान सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम तैनात की गई है, जो पूरे मार्ग में व्यवस्थाओं का संचालन कर रही है। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि फाल्गुन माह में खाटू श्याम की पदयात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें भाग लेते हैं।

राज्यपाल पहुंचे जोधपुर, दिया गार्ड ऑफ ऑनर

जोधपुर,(कासं)। राज्यपाल हरिभाउ बागडे शुक्रवार को दोपहर जोधपुर पहुंचे। जोधपुर पहुंचने पर उनकी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की। निर्धारित कार्यक्रमानुसार राज्यपाल आज दोपहर भीलवाड़ा से हेलीकॉप्टर द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल एयरपोर्ट से सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय के लिए रवाना हो गए।

मुस्लिम भाइयों नेमाहे रमजान का पढ़ा पहला जुम्मा

पाली। माहे रमजान का दूसरा रोजा रखने के साथ शुक्रवार को मुस्लिम भाइयों ने शहर की मस्जिदों माहे रमजान के पहले जुम्मे की नमाज अदा की। इससे पहले लोगबाग सुबह से जुम्मे की नमाज की तैयारियों में जुटे नजर आए। जैसे ही दोपहर 1 बजते ही शहर की मस्जिदों में अजान की सदाएं गूंजने लगीं, वैसे-वैसे मोमिनों का जनसैलाब नमाज अदा करने को मस्जिदों की ओर उमड़ने लगा। जहां इमाम साहब ने रोजों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भूखा-प्यासा रहने का नाम रोजा नहीं, बल्कि मन की इंद्रियों को काबू में करने का नाम रोजा है।

अजमेर स्मार्ट सिटी में बनी नरक सिटी, जहां देखों कचरे व गंदगी के ढेर

■ कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन भुगतान नहीं होने के कारण वे हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर हुए हैं।

अजमेर। नगर निगम क्षेत्र में अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहने से शहर में गंदगी की स्थिति गंभीर हो गई है। सडकों और मोहल्लों में कचरे के ढेर लग गए हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर आज से स्थाई कर्मचारी भी इनके समर्थन में हड़ताल पर जा चुके हैं, जिससे अजमेर स्मार्ट सिटी में जगह-जगह कचरा और गंदगी के ढेर देखकर ऐसा लगता है, मानों स्मार्ट सिटी नरक सिटी बन गई है।

शुक्रवार को हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग परिसर में एकत्रित होकर निगम प्रशासन और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि समय पर वेतन भुगतान नहीं होने के कारण वे हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर हुए हैं।

कर्मचारियों ने ठेकेदार पर जानबूझकर भुगतान में देरी का आरोप लगाते हुए उसका ठेका निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। उनका कहना है कि पूर्व में शहर में तीन हजार से अधिक सफाई कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन संख्या घटा दी गई है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

■ आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा

सरवाड़, (निसं)। विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के निर्देशानुसार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया वहीं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सरवाड़ कार्तिक शर्मा के आदेशानुसार आयोजित इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा वहीं सांगानेर नरेगा स्थल पर शिविर का आयोजन भी किया गया वहीं ग्राम सांगानेर स्थित नरेगा कार्यस्थल पर आयोजित शिविर में पैरा लीगल वॉलंटियर अमित कुमार पालड़िया ने नरेगा श्रमिकों को संबोधित किया गया वहीं उन्होंने सामाजिक न्याय के महत्व को समझाते हुए बताया कि कानून की नजर में सभी समान हैं वहीं पालड़िया ने राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मुकदमों के त्वरित निस्तारण व विभाग द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता की विस्तृत जानकारी दी गई वहीं साथ ही उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार रीको एरिया में थर्मेक इंडस्ट्रीज पर शिविर आयोजित किया गया वहीं ज्योति द्वारा सरवाड़ स्थित रीको एरिया की थार्मिक इंडस्ट्री में एक विशेष जागरूकता शिविर लगाया गया वहीं यहाँ उन्होंने औद्योगिक श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई और कार्यस्थल पर मिलने वाली सुरक्षा व विधिक सहायता के प्रावधानों के बारे में बताया गया वहीं मुख्य आकर्षण श्रमिकों को नि:शुल्क न्याय व वकील प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामे द्वारा विवाद सुलझाने पर जोर दिया गया।

रॉयल वीरा केंद्र द्वारा धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न

ब्यावर (निसं) महावीर इंटरनेशनल रॉयल वीरा ग्रुप द्वारा निंबेश्वर महादेव मंदिर पिपलिया बाजार में 3 पीतल के गुम्मद विधि विधान, मंत्रोच्चार से मंदिर पर चढ़ाये गये। पिपलिया बाजार स्थित निंबेश्वर महादेव मंदिर में वीर वीरा की उपस्थिति में एवं अनेक भक्तों की उपस्थिति में ये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसके अंतर्गत हीपूजा आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण हुआ। इस कार्यक्रम के लाभार्थी वीर पंकज सकलेचा, वीरा दीपशिखा सकलेचा परिवार रहे। कार्यक्रम में रॉयल अध्यक्ष अशोक पाडलेचा ,अध्यक्ष डॉ तारेश जैन, पूर्व विधायक माणक डाणी, दिलीप भंडारी, अमित मेहता, पुष्पेंद्र चौधरी,रवि बोहरा, वीरा कोमल मेहता एवम स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

आईटीआई नसीराबाद में गूंजा सामाजिक न्याय का संदेश

■ 15100 हेल्पलाइन की दी जानकारी

नसीराबाद,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर के सचिव कृष्ण मुरारी जिंदल (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के आदेशानुसार 20 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), राजोसी रोड नसीराबाद में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान अधीक्षक रविन्द्र सिंह रावत ने की।

शिविर में अधिकार मित्र रवि कुमार रेसवाल ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 20 फरवरी को यह दिवस सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसके अंतर्गत गरीबी, सामाजिक बहिष्कार, लैंगिक असमानता, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मानवाधिकारों और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है तथा किसी भी अक्षमता या परिस्थिति के कारण कोई भी नागरिक न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए।

कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कमजोर एवं वंचित वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी उपस्थितजनों को अवगत कराया गया।

आम सूचना

श्रीमति पिंकी टांक धर्मपत्नि श्री जितेन्द्र रोहिल्ला (प्रार्थीयां) ने अपना मकान प्लॉट संख्या ए (कॉर्नर) का पूर्वी भाग, जो सोफिया स्कूल के पीछे, भोपों का बाड़ा अजमेर में स्थित है, प्लॉट का भाग जिसका क्षेत्रफल 256.30 वर्गगज, को हमारी अभिभाष्या एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा अजमेर में गिरवी रख गृह ऋण का आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति जमाबन्दी में दर्ज खसरा संख्या 121 के भूखण्ड का भाग है, उक्त सम्पत्ति बाबत श्रीमती गोदावरी देवी, श्री वीर सिंह, श्री रूपचन्द, श्री ताराचंद, कैलाशचंद, श्री शेरसिंह एवं श्रीमती कंचनदेवी ने जरिये मुख्त्यारनामाआम दिनांक 03.08.1992 को श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी बहेसियत मुख्त्यारआम श्रीमती गोदावरी देवी, श्री वीर सिंह, श्री रूपचन्द, श्री ताराचंद, कैलाशचंद, श्री शेरसिंह एवं श्रीमती कंचनदेवी ने श्रीमती पूनम गुप्ता एवं श्रीमती सुषमा गुप्ता के हित में जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 04.01.1994 को निष्पादित किया गया। श्रीमती पूनम गुप